# समाचार
## 11 अगस्त को बालको में विकास कार्यो का भूमिपूजन
## (महापौर एवं नगर विधायक करेंगे विकास कार्यो का शुभारंभ)

कोरबा 10 अगस्त 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में 11 अगस्त को प्रातः 11 बजे बेलगिरी नाले के समीप स्थित राम मंदिर के समीप विकास कार्यो का भूमिपूजन किया जाएगा, इस मौके पर निगम के सभापति, एम.आई.सी.सदस्य एवं पार्षदगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको के वार्ड क्र. 39 राम मंदिर से ओमप्रकाश जायसवाल के घर तक सी.सी.रोड का निर्माण लगभग 18 लाख रूपये की लागत से तथा वार्ड क्र. 35 एम.जी.एम. स्कूल के पास लगभग 08 लाख रूपये की लागत से कलवर्ट का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। इस हेतु 11 अगस्त को राम मंदिर के समीप प्रातः 11 बजे भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल होंगी तथा कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेगे, इस मौके पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर के साथ ही निगम के जनप्रतिनिधिगण अपनी विशेष उपस्थिति प्रदान करेंगे।